www.recruitment.guru

अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : **10**

Total No. of Questions : **10**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **12**

No. of Printed Pages : **12**

# M3122012

## सामान्य हिंदी

## GENERAL HINDI

समय : 3 घण्टे]

Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 300

[Total Marks : 300

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

***Instructions to the candidates :***

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **दस** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रश्न क्र. **1** में कोई विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प मौजूद हैं।

   This question paper consists of *ten* questions. *All* the questions have to be answered. There is no internal choice in question no. **1**. The remaining questions carry internal choice.

2. प्रश्न-पत्र के कुल अंक **300** हैं तथा निर्धारित समय **3** घंटे है । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

   The total number of marks of the question paper is **300** and the time allotted is **3** hours. Marks for each question have been indicated on the right hand margin.



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय होगा जिसमें 20 अनिवार्य प्रश्न होंगे, प्रत्येक का उत्तर **एक** अथवा **दो** पंक्तियों में देना होगा ।

The first question will be of short answer type consisting of **20** compulsory questions, each one is to be answered in *one* or *two* lines.

4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें ।

Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

5. भाषा की शुद्धता एवं कार्य की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

Special attention will be paid to the accuracy of the language and neatness of the work.

6. प्रश्न–पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।

Questions should be answered exactly in order in which they appear in the question paper. Answers to the various parts of the same question should be written together compulsorily and no answer of other questions should be inserted between them.



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु उत्तरीय प्रश्न का उत्तर **1** या **2** पंक्तियों में दीजिए : 20×3=60

(A) हिंदी में संयुक्त व्यंजन कुल कितने और कौन-कौनसे हैं ?

(B) 'अधिसूचना' की **दो** विशेषताएँ बताइए ।

(C) 'घोड़े पर सवार सौदागर की थैली में भरे सिक्कों की ............ राहगीरों को ललचा रही थी ।' इस वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द है –

ठनक, झनक, खनक, छनक ।

(D) मानक भाषा और सम्पर्क भाषा में अन्तर बताइए ।

(E) करण और अपादान कारकों में अन्तर बताइए ।

(F) समास के कितने और कौन-कौनसे प्रमुख भेद हैं ?

(G) सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया में क्या अन्तर है ?

(H) 'देशज' शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए ।

(I) किस शब्द में स्वर संधि है –

स्वागत, वागीश, उल्लेख, सन्मार्ग ।



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



(J) 'हंसपद' क्या है ? इसका प्रयोग कहाँ किया जाता है ?

(K) किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है –

लंगड़, कोंकण, बुझक्कड़, भुख्खड़ ।

(L) 'प्रत्यय' की परिभाषा और उदाहरण दीजिए ।

(M) सर्वनाम के प्रमुख भेदों का नामोल्लेख कीजिए ।

(N) मुहावरे और लोकोक्ति में अन्तर बताइए ।

(O) 'टिप्पण' की परिभाषा दीजिए ।

(P) कौनसा शब्द 'कष्ट' का समानार्थी नहीं है –

पीड़ा, व्यथा, क्लांति, क्लेश ।

(Q) पृष्ठांकन का प्रयोग किन परिस्थितियों में किया जाता है ?

(R) 'संत हृदय नवनीत समाना' का अर्थ लिखिये ।

(S) 'अघोष' ध्वनि किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए ।

(T) 'समुद्री साँप में घातक किंतु कीमती जहर होता है ।' इस वाक्य में कितने शब्द संज्ञा हैं और कितने शब्द विशेषण हैं ?



ENTRI

Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



2. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5

(A) महीन्द्र

(B) जगन्नाथ

(C) आशीर्वाद

(D) महोत्सव

(E) उच्छ्वास

(F) संतोष

(G) मनोकामना ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों का समास-विग्रह कीजिए : 5

(A) क्रीड़ाक्षेत्र

(B) शताब्दी

(C) चतुर्भुज

(D) बेखटके

(E) पीतांबर

(F) आमरण

(G) आपबीती ।



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



3. जिलाध्यक्ष-कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 की नियुक्ति हेतु कार्यालय-आदेश का स्वच्छ प्रारूप तैयार कीजिये । 20

**अथवा**

दूषित पेयजल-आपूर्ति की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए ।

4. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक हिंदी शब्दों के अंग्रेजी रूप लिखिए : 5

(A) अधिनियम

(B) विधेयक

(C) अनुमोदन

(D) राजपत्र

(E) तत्काल

(F) निलम्बन

(G) गोपनीय ।

(ब) 'परिमाणवाचक' विशेषण किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए । 5

**अथवा**

'भाववाचक' संज्ञा से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों **अथवा** कहावतों का अर्थ लिखकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 5×2=10

(A) कलई खुलना

(B) ईंट का जवाब पत्थर से देना

(C) आधा तीतर आधा बटेर

(D) काँटों में घसीटना

(E) चादर से बाहर पैर पसारना

(F) नाक भौं चढ़ाना

(G) जहाज का पंछी ।

**अथवा**

(A) उलटे बांस बरेली को

(B) जबरा मारै रोवै न दे

(C) दोऊ दीन से गये पांडे, हलुआ मिला न मांडे

(D) होनहार बिरवान के होत चीकने पात

(E) फिसल पड़े तो हर गंगा

(F) हाथी के पाँव में सबका पाँव

(G) भागते भूत की लँगोटी भली ।



ENTRI

Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



6. (अ) निम्नलिखित शब्दों के **चार-चार** पर्यायवाची लिखिए : 5

(A) अहि

(B) पारावार

(C) चाँदनी

(D) दर्पण

(E) अतिथि ।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए : 5

(A) मसृण

(B) तरल

(C) उत्तमर्ण

(D) स्तुत्य

(E) गौरव ।

7. (अ) निम्नलिखित शब्द-युग्मों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग द्वारा उनका अन्तर स्पष्ट कीजिए : 5×2=10

(A) युक्त—उक्त



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



(B) पाश–पार्श्व

(C) क्षति–क्षिति

(D) सत्त्व–स्वत्व

(E) सुरभि–सुरभी ।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए : 5×2=10

(A) गोधूम

(B) बुभुक्षित

(C) मधूक

(D) पुस्तिका

(E) घोटक ।

8. (अ) निम्नलिखित गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 20

The thought, philosophy and message of Gandhi are very much relevant today. We must say they alone constitute the only positive factor which can save the modern civilization which is heading for a



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



disaster. Permanent values of service before self, sacrifice before hoarding and concern for others are fast dwindling and their place is being taken by selfishness, greed, opportunism, deceit and falsehood. All this has given birth to conflicts and confrontations and has led to the erosion of the noble standards of tolerance and fellow-feeling. To complete this grim picture has come the impending race for armaments. Destructive weapons of war menace the very existence of mankind.

(ब) निम्नलिखित गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 20

भारत एक विशाल देश है जिसमें प्राकृतिक संसाधन एवं खाद्य पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, किंतु फिर भी जनसंख्या के एक बड़े भाग को वांछित मात्रा में पौष्टिक भोजन प्राप्त नहीं हो पाता । परिणाम यह होता है कि लोग कुपोषित और अभावग्रस्त रहते हैं । यदि हम कुछ पिछड़े राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी अन्दर तक जायें तो हमें यह देखकर हैरानी होती है कि लोग किस प्रकार अर्द्धपोषित हैं, विशेषकर महिलाएँ और बच्चे । वे दो जून की रोटी हेतु सुबह से शाम तक कठिन परिश्रम करते हैं और वह भी उन्हें उपलब्ध नहीं हो पाती । उनकी आमदनी इतनी कम या अपर्याप्त होती है कि वे ऐसा भोजन नहीं खरीद सकते जिससे उन्हें उपयुक्त शक्ति प्राप्त हो सके ।



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



9. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए :

10+10+20+20=60

(*i*) **आपदा-प्रबंधन**

(अ) आपदा-प्रबंधन का अर्थ और क्षेत्र

(ब) आपदा-प्रबंधन के पुराने और नये उपाय

(स) आपदा-प्रबंधन के सरकारी और गैर-सरकारी उपक्रम तथा उनकी सीमाएँ

(द) आपदा-प्रबंधन में जीविका की संभावनाएँ ।

(*ii*) **कामकाजी महिलाएँ**

(अ) 'कामकाजी' महिला का अर्थ और उसका निरन्तर बढ़ता कार्य-क्षेत्र

(ब) कामकाजी महिलाएँ और भारतीय समाज

(स) कामकाजी महिलाओं की समस्याएँ

(द) समस्याओं के निराकरण के सरकारी और गैर-सरकारी उपक्रम तथा उनकी सीमाएँ ।

(*iii*) **लोकतंत्र और मीडिया**

(अ) 'मीडिया' का अर्थ और लोकतंत्र में उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका



ENTRI

Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.

www.recruitment.guru



(ब) अंतरराष्ट्रीय अभिकरण के रूप में मीडिया की भूमिका

(स) वर्तमान में मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्ष

(द) मेरी दृष्टि में मीडिया का आदर्श रूप ।

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×15=60

(*i*) गरीबी के निर्धारण हेतु मापदण्ड

(*ii*) पारिभाषिक शब्दावली के अपेक्षित गुण और उसकी विशेषताएँ

(*iii*) हिंदी का शब्द-भण्डार

(*iv*) भाषा की समृद्धि में मुहावरे-कहावतों का योगदान

(*v*) विभिन्न क्षेत्रों में अनुवाद का महत्त्व

(*vi*) हिंदी की वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली ।



Disclaimer: We are providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for reference purpose.